भा.कृ.अनु.प.- केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान (ICAR-CAZRI), जोधपुर

अनुसूचित जाति उपयोजना (SCSP)

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान (ICAR-CAZRI), जोधपुर द्वारा अनुसूचित जाति उपयोजना (SCSP) कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 30 जून 2026 को पंचायत उत्तरलई के ग्राम उत्तरलई जागीर, जिला बालोतरा में कृषि आदान वितरण कार्यक्रम एवं खरीफ फसलों की उन्नत उत्पादन तकनीकों पर कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 50 किसानों ने भाग लिया, जिन्हें उप–योजना के अंतर्गत क्षेत्रीय प्रदर्शन हेतु मूंग (विराट), मोठ (CAZRI Moth-4), बाजरा (HHB-299) एवं ग्वार (RGC-936) के उन्नत बीजों के साथ नैनो डीएपी, यूरिया तथा एनपीके कंसोर्टिया वितरित किए गए।

कार्यक्रम के दौरान किसानों को परियोजना की पृष्ठभूमि, उद्देश्यों एवं प्रमुख गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। किसानों को बताया गया कि परियोजना का मुख्य उद्देश्य उन्नत कृषि तकनीकों के प्रसार, संसाधनों के कुशल उपयोग तथा फसल उत्पादकता में वृद्धि के माध्यम से किसानों की आय एवं आजीविका में सुधार करना है। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को खरीफ फसलों की उन्नत उत्पादन तकनीकों, गुणवत्तायुक्त बीजों के चयन, बीजोपचार, पोषक तत्व प्रबंधन तथा उर्वरकों के वैज्ञानिक उपयोग के बारे में जानकारी प्रदान की गई। विशेषज्ञों ने किसानों को नैनो डीएपी एवं एनपीके कंसोर्टिया द्वारा बीज उपचार की अनुशंसित विधि की जानकारी देते हुए उपचारित बीजों को छाया में सुखाकर समय पर बुवाई करने की सलाह दी। साथ ही किसानों को मृदा परीक्षण के आधार पर संतुलित पोषण प्रबंधन अपनाने तथा फसल की आवश्यकता के अनुसार उर्वरकों का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी किसानों ने प्रशिक्षण से प्राप्त जानकारी को व्यवहार में लाने तथा उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाकर कृषि उत्पादन बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। किसानों ने कार्यक्रम को ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी बताते हुए संस्थान के प्रयासों की सराहना की।

भा.कृ.अनु.प. - केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर
अनुसूचित जाति उप-योजना

भा.कृ.अनु.प. - केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर
अनुसूचित जाति उप-योजना
खेत बचाओ अभियान

अनुसूचित जाति उप-योजना
दिनांक 1 जून से 30 जून 2026